समाचार

निगम अधिकारी कर्मचारियों का ट्रेनिंग कार्यक्रम गीतांजलि में

(महापौर करेगी कार्यक्रम का उद्घाटन, डॉ.अजय शेष शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक स्तर के उत्थान विषय पर देंगे व्याख्यान)

कोरबा 10 जुलाई 2015 –नगर पालिक निगम कोरबा के अधिकारी कर्मचारियों के शारीरिक,मानसिक व भावनात्मक स्तर के उत्थान तथा स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन गीतांजलि भवन सभागार में 11 जुलाई को किया गया है। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगी तथा मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अजय शेष अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे।

स्वच्छ भारत मिशन के नगर पालिक निगम कोरबा के नोडल अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि निगम के अधिकारी कर्मचारियों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्तर के उत्थान तथा भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 11 जुलाई को प्रातः 9.30 बजे कोरबा पुराना बस स्टैण्ड स्थित गीतांजलि भवन के सभागार में किया गया है। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ट्रेनिंग कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन करेंगी। गिनीज बुक विश्व रिकार्ड एचिवर डॉ. अजय शेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे। आयुक्त श्री आलोक चन्द्रवंशी ने निगम के समस्त अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वे उक्त ट्रेनिंग कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति देना सुनिश्चित करें।

संपादकव्यूरोचीफ......................................

कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित